पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 08-04-2024

विषयः- थाना सिगरा पुलिस द्वारा नशीला पाउडर अल्फ्राजोलम बेचने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 07.04.2024 को अमूल डेयरी के शिवपुरवा रेलवे क्रसिंग के पास से नशीला पाउडर अल्फ्राजोलम के साथ अभियुक्त संजय सेठ पुत्र अशोक सेठ नि0- मोती चाय वाले के बगल वाली गली में, संकुल धारा पोखरा, थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी उम्र 42 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मु0अ0सं0- 0089/2024 धारा 8/22 NDPS एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त संजय सेठ पूछताछ पर बता रहा है कि मैं नशीला पदार्थ खिलाकर सामानों की तथा ई- रिक्शा की चोरी करके उसे बेंचकर प्राप्त पैसों से अपना जीवन यापन करता हूँ।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 07.04.2024 को, स्थान- अमूल डेयरी के शिवपुरवा रेलवे क्रसिंग के पास से।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. संजय सेठ पुत्र अशोक सेठ नि0- मोती चाय वाले के बगल वाली गली में, संकुल धारा पोखरा, थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी उम्र 42 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 70 ग्राम नशीला पाउडर अल्फ्राजोलम।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री राजू सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सौरभ पाण्डेय, चौकी प्रभारी नगर निगम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. कां0 अनिल कुमार पटेल थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 शीतलेंद्र ओझा थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।